एक नजर में

सप्तशति शक्ति संगम का समापन

इंदौर. अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संघ शताब्दी वर्ष के अंतर्गत विद्याभरती के मालवा प्रांत का सप्तशक्ति संगम का समापन समारोह प्रीतमलाल दुआ सभागृह में आयोजित किया गया. आज के इस समारोह की मुख्यवक्ता विद्याभारती की बालिका शिक्षा की राष्ट्रीय संयोजिका रेखा चुड़ासमा ने सभी उपस्थित मातृशक्ति को संकल्प दिलाकर एक बार पुन: अह्वान किया किहम जो अपनी सनातन संस्कृति को भूलकर विदेशी क्रिया-कलापों को अपनाने लगे है, तब आज पुन: नितांत आवश्यक है, मातृशक्ति का उनमें अन्तर्निहित प्राचीन समय से अर्थात् आदि-अनादि काल से विद्यमान शक्ति से परिचय कराने की, उन्हें सुप्तावस्था से जागृत करने की. समारोह के समापन अवसर पर श्रीमती इंदिरा पाटीदार (शक्ति फाउण्डेशन) ने अध्यक्षता की. विशेष अतिथि डॉ. श्रीमती संध्या चौकसे एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एल.एन.सी.टी. का सानिध्य प्राप्त हुआ. कार्यक्रम की प्रस्तावना क्षेत्रीय सह संयोजिका हिना नीमा दीदी ने प्रस्तुत की, परिचय कार्यक्रम सहसंयोजिका संगीता चौहान दीदी ने कराया. स्वागत अनिता रघुवंशी ने किया. संचालन कार्यक्रम सहसंयोजिका बंटू भूत दीदी ने किया.

जनजातीय रंग, सुर से सराबोर हुआ गांधी हॉल परिसर

इंदौर. गांधी हॉल परिसर में आज जात्रा-2026 का शुभारम्भ हुआ. तीन दिवसीय इस उत्सव के पहले दिन जनजातीय संस्कृति, लोकनृत्य और पारंपरिक व्यंजनों की सुगंध से पूरा परिसर ऊर्जा व उल्लास से भर गया. कार्यक्रम के शुभारम्भ अवसर पर शनि साधक दादू महाराज, सांसद शंकर लालवानी, नगर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, भाजपा नगर उपाध्यक्ष भरत पारख एवं स्टेट प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे. जनजातीय सामाजिक सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस आयोजन की थीम इस वर्ष पारंपरिक रंग, सुर और स्वाद रखी गई है. पहले दिन प्रदेश के विभिन्न आदिवासी अंचलों से आए कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए, जिनमें भगोरिया और मांदल गीतों की गूंज ने वातावरण को जीवंत कर दिया. भगोरिया पर्व पर आधारित विशेष फोटो प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। धार, झाबुआ और अलीराजपुर अंचल की प्रसिद्ध पिथोरा कला को भी इस बार विशेष स्थान दिया गया है. समिति के अध्यक्ष देवकीनंदन तिवारी ने उद्घाटन समारोह के पश्चात कहा आज जात्रा 2026 का शुभारम्भ जिस उत्साह और जनसहभागिता के साथ हुआ, वह हमारे लिए अत्यंत संतोष और गर्व का विषय है. हमारा उद्देश्य केवल सांस्कृतिक प्रस्तुति तक सीमित नहीं है, बल्कि आदिवासी जीवन के मूल्यों प्रकृति के प्रति सम्मान, सामूहिकता और परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है. इस अवसर पर राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम को दीपक जैन के द्वारा पिछड़ा वर्ग एवं आदिवासी समाज के उत्थान हेतु निरंतर कार्यरत रहने के लिए सम्मानित किया गया. कार्यक्रम संयोजक गिरीश चव्हाण और सह-संयोजक आशीष गुप्ता ने कहा उद्घाटन के साथ ही हस्तशिल्प प्रदर्शनी और पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल पर शहरवासियों की अच्छी सहभागिता देखने को मिली.

अविभाजित भारत के व्यंजनों का मिलेगा स्वाद

इंदौर. आज जब सीमाएं नक्शों में बंटी हुई हैं, तब भी स्वाद और यादें आज भी लोगों को जोड़ने का काम करती हैं. भोजन केवल पेट भरने का माध्यम नहीं, बल्कि इतिहास, संस्कृति और साझा विरासत का प्रतीक रहा है. इसी भावना को जीवित करने के लिए फेयरफील्ड बाय मैरियट इंदौर के रेस्टोरेंट कावा में सिरका 1940द अंडिवाइडेड इंडिया थीम पर एक विशेष हेरिटेज डिनर का आयोजन किया जा रहा है, जो भारत के प्री-पार्टिशन दौर की साझा रसोई और पारंपरिक स्वादों को एक ही मंच पर प्रस्तुत करता है. यह आयोजन 20 फरवरी से 1 मार्च तक प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक होगा. शेफ आशुतोष ने बताया कि इस विशेष आयोजन के तहत कावा में क्यूरेटेड हेरिटेज बुफे प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें अविभाजित भारत के विभिन्न क्षेत्रों से प्रेरित व्यंजन शामिल किए गए हैं. यह बुफे उस दौर की खान-पान परंपराओं को दर्शाता है, जब भोजन सीमाओं में नहीं बंधा था और रेसिपीज़ एक-दूसरे से जुड़कर आगे बढ़ती थीं. आयोजन का उद्देश्य मेहमानों को केवल स्वाद नहीं, बल्कि उस समय की सोच और सामूहिक भोजन संस्कृति से भी परिचित कराना है. हेरिटेज बुफे के मेन्यू में उत्तर-पश्चिम सीमांत क्षेत्र, पंजाब, सिंध और अविभाजित बंगाल की पारंपरिक रेसिपीज़ को शामिल किया गया है. होटल मैनेजर सुदीप सिन्हा ने कहा, 'सिरका 1940 ~ अंडिवाइडेड इंडिया' हमारे लिए केवल एक थीम डिनर नहीं है, बल्कि भारत के उस दौर की साझा संस्कृति और खान-पान की विरासत को सम्मान देने का प्रयास है.

कांग्रेस ने कई स्थानों पर जलाए विजयवर्गीय के पुतले

आदिवासी नेता को औकात बताने का विरोध और इस्तीफे की मांग

नव भारत न्यूज

इंदौर. आज कांग्रेस ने नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के मामले में शहरभर के कई स्थानों पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के पुतले जलाए. पुतला दहन से पहले कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी करते हुए मंत्री का इस्तीफे मांगा है.

आज शाम शहर कांग्रेस ने प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के पुतले जलाए. भागीरथपुरा दूषित जल हादसे को लेकर मंत्री का इस्तीफा और आदिवासी नेता उमंग सिंगार को औकात बताने का विरोध करते हुए कांग्रेस ने प्रदर्शन किया. शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि इंदौर शहर कांग्रेस द्वारा सभी 24 ब्लॉक में विजयवर्गीय के पुतले जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया है. प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर सभी ब्लॉक अध्यक्ष के द्वारा अपने-अपने ब्लॉक में प्रमुख चौराहे पर विजयवर्गीय का पुतला जलाया गया. राजबाड़ा पर शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सोनिला मिमरोट भाटिया, रीता डांगरे शशि हाड़ा के अलावा विनोद चौकसे, योगेंद्र मौर्य,प्रेम वर्मा, तरुण कुमायूं, जितेंद्र पाटिल, विपिन यादव, शुभम यादव, आशुतोष पांडेय, अक्षय पंवार, राहुल ढाकरे, शिव गुर्जर, निलेश शैलू सेन, विशाल चतुर्वेदी, निलेश पटेल, सुनील पाल, जतिन थोरात, रविकांत मिश्रा, शैलेश जैन, पुखराज राठौर, आकाश कुशवाह, संतोष कुशवाह, दिलीप सुरागे, अजय झा ने अपने अपने ब्लॉक के चौराहों पर पुतला दहन किया.

विधानसभा में बहस के दौरान की थी टिप्पणी

याद रहे कि विजयवर्गीय ने कल विधानसभा में बहस के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार को औकात रहने जैसी टिप्पणी कर दी थी. इस पर कांग्रेस का कहना है कि उक्त घटना के साथ भागीरथपुरा में 36 लोगों की दूषित पानी से मौत होने के लिए महापौर पुष्यमित्र भार्गव और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय दोषी हैं. उक्त दोनों को इस्तीफा देना चाहिए था.

बाजीराव पेशवा पर दृश्य-श्राव्य प्रस्तुति

इन्दौर. छत्रपति शिवाजी महाराज के जयंती के अवसर पर श्रीनाथ मंदिर परिसर में स्वयंसिद्ध श्रीमंत बाजीराव पेशवा के जीवन चरित्र पर ऑडियो-वीडियो के साथ नाट्य अभिवाचन के माध्यम से दो घंटे का कार्यक्रम आयोजित किया गया.

श्री सर्वोत्तम प्रकाशन इन्दौर के द्वारा प्रकाशित व चन्द्रकांत भालेराव के द्वारा लिखित हिंदवी स्वराज के विस्तारक श्रीमंत बाजीराव पेशवा ऐतिहासिक ग्रंथ पर आधारित यह कार्यक्रम करीब दो घंटे तक लोगों को बांधने में सफल हुआ. मंच पर चन्द्रकांत भालेराव व निलमाधव वसंत भुसारी ने अपने संवादों के द्वारा इसे प्रस्तुत किया. दर्पण भालेराव ने घटनाओं के आधार पर चित्रफिती का निर्माण किया. आकाशवाणी के विद्याधर मुळे ने अपनी आवाज के माध्यम से प्रसंगों को जीवंत कर दिया. कार्यक्रम के संजोयक अश्विन खरे और श्रीरंग पेंढारकर ने बताया कि पूर्व न्यायमूर्ति व्ही.एस.कोकजे, डॉ. बाबा साहेब तराणेकर, विधी कालेज के कांतिलाल बम, जेष्ठ्य रंगकर्मी किरण शनी, श्रीनिवास कुटुंबळे ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया.

भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष के जलाए पुतले

राजबाड़ा पर किया विरोध प्रदर्शन

इंदौर. राजवाड़ा पर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, मोर्चा नगर अध्यक्ष शैलजा मिश्रा, हरप्रीत सिंह बक्शी, भूपेंद्र सिंह केसरी, गोविंद पंवार की उपस्थिति में स्तरहीन राजनीति करने एवं झूठ फैलाकर इंदौर की छवि को धूमिल करने के विरोध में महिला मोर्चा द्वारा कॉंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का पुतला जलाया गया.

इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि भागीरथपूरा में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना से इंदौर एक हर नागरिक आहत हुआ और उस घटना से उबरने के लिए पूरा इंदौर एकजुट होकर खड़ा रहा, आपदा की घड़ी में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा का एक एक कार्यकर्ता जनता के साथ खड़ा है. मंत्री कैलाश विजयवर्गीय लगातार 4 दिन तक भागीरथपुरा में ही डटे रहे, और लगातार भाजपा कार्यकर्ता पीड़ितों के बीच रहे, लेकिन कॉंग्रेस पीडितों के बीच नहीं गई, ना पीड़ितों की सेवा की, केवल मौतों पर राजनीति कर रही है. महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने कॉंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के पुतलों को सड़क पर पटक कर चप्पलों से पीटा और पैरों से रोंद डाला. इस अवसर पर मंजू ठाकुर, स्वाति काशीद, कंचन गिदवानी, वृंदा गौड, विशाल यादव, वरुण पाल, नितिन शर्मा, सर्वजीत गौड, निशा यादव, कविता यादव, सुधा सुखयानी, माधुरी जायसवाल, शिवानी अड़सपुरकर, शीला गुप्ता, सुनीता गुरंग, लीना तिवारी सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित थीं.

नि :शुल्क परिचय सम्मेलन का पहला न्योता खजराना गणेश एवं कुलदेवी महालक्ष्मी को समर्पित

अग्रवाल महासभा की मेजबानी में होगा आयोजन

इंदौर. श्री अग्रवाल महासभा की मेजबानी में ब्रह्मलीन समाजसेवी मिश्रीलाल गोयल की पुण्य स्मृति में 28 से 30 मार्च तक गांधी हॉल परिसर में होने वाले तीन दिवसीय नि:शुल्क अ.भा. युवक-युवती परिचय सम्मेलन का पहला न्योता सोमवार को खजराना गणेश एवं कुलदेवी महालक्ष्मी को समर्पित किया गया.

महासभा के समन्वयक संतोष गोयल, अध्यक्ष डॉ. सतीश गोयल एवं महामंत्री अजय बंसल ने बताया कि इस अवसर पर अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष गोविन्द सिंघल के मार्गदर्शन में मातृशक्ति की ओर से श्रीमती उर्मिला गोयल, पुष्पा गुप्ता, पिंकी अग्रवाल तथा आयोजन से जुड़े नवीन गोयल, महेश चायवाले, रमेश तायल, श्याम अग्रवाल, विनोद अग्रवाल (जावरा) भी उपस्थित थे जिन्होंने खजराना गणेश एवं कुलदेवी महालक्ष्मी की आरती में शामिल होकर सम्मेलन की सफलता की प्रार्थना की. समन्वयक संतोष गोयल के अनुसार सम्मेलन के लिए देश के हिंदी भाषी राज्यों के 100 से अधिक शहरों में प्रविष्ठि पत्र पहुँचाने की व्यवस्था सुनिश्चित हो गई है. प्रतिवर्ष होने वाले इस निशुल्क अ.भा. परिचय सम्मेलन में 2 हजार से अधिक प्रविष्ठियां मिलने का कीर्तिमान पिछले 2 वर्षों से बन रहा है और समाज बंधुओं के उत्साह को देखते हुए लगता है कि इस बार भी परिचय सम्मेलन में सर्वाधिक प्रविष्ठियां प्राप्त होंगी. सम्मेलन में आने वाले प्रत्याशियों के सचित्र विवरण सहित बहुरंगी परिचय पुस्तिका का प्रकाशन भी किया जा रहा है. तीन दिवसीय इस परिचय सम्मेलन का शुभारंभ शनिवार 28 मार्च को विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी में होगा.

अंतिम व्यक्ति तक न्याय ही सामाजिक न्याय का उद्देश्य : जिला न्यायाधीश

इंदौर. विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर तहसील विधिक सेवा समिति, देपालपुर के तत्वावधान में एक विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान की अध्यक्षता में किया गया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक न्याय, समानता, सामाजिक सुरक्षा एवं विधिक अधिकारों की सुलभ पहुँच सुनिश्चित करना रहा.

जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला ख़ान ने कहा कि सामाजिक न्याय केवल एक दिवस मनाने का विषय नहीं है, बल्कि यह सतत् प्रयासों, संवेदनशील सोच और विधिक जागरूकता के माध्यम से सशक्त समाज के

निर्माण की आधारशिला है. उन्होंने कहा कि लोक अदालत, वैकल्पिक विवाद निस्तारण प्रणाली तथा विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाएँ आमजन को सरल, सुलभ एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराने का सशक्त माध्यम हैं. कार्यक्रम को वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र वर्मा एवं मनोज देसाई ने भी संबोधित कर सामाजिक न्याय की अवधारणा, लोक अदालत की भूमिका, वैकल्पिक विवाद निस्तारण, तथा कमजोर वर्गों के संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया. कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र वर्मा, सचिव दिनेश डोंड, जी.के.नायक, पंकज तिवारी, प्रकाश धाकड़, मनोज देसाई, विजयपुरी गोस्वामी, उमेश पटेल, अतीक़ ख़ान, चिंतामन परिहार, अर्जुन नागर,चेतन राठौर, प्रवीण रावल, श्रीराम भदौरिया एवं नायब नाजिर दिलीप यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे. संचालन सचिव दिनेश डोंड द्वारा किया गया. अधिवक्ता प्रकाश धाकड़ ने आभार माना.

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

(CIN-L65110TN2014PLC097792)

रजिस्टर्ड ऑफिस : केआरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031

फोन : +91 44 4564 4000, फैक्स : +91 44 4564 4022

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

क्र. सं.	लोन एकाउंट नं.	लोन का प्रकार	सेक्शन 13 (2) नोटिस तिथि	सेक्शन 13 (2) नोटिस अनुसार बकाया राशि
1.	10084259826	बीबीजी	10.2.2026	रु. 1,55,07,059/-

देनदार और सह-देनदारों का नाम :- 1. M/S BM सैनिटेशन 2. अभिषेक जैन 3. राकेश जैन 4. बृजबाला जैन 5. रेकोबाथ इंडिया LLP 6. महावीर मार्बल्स एंड ग्रेनाइट

संपत्ति का पता : आइटम क्रमांक 1- फ्लैट नंबर 203 का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, जिसका साइज़ 987 वर्गफीट यानी 91.72 वर्गमीटर (सुपर बिल्ट-अप एरिया) है, जो 'रॉयल व्यू' नाम की मल्टी-स्टोरीज़ बिल्डिंग की दूसरी मंजिल पर है, जो प्लॉट नंबर वाली ज़मीन पर बनी है. 27 एफ.एफ., 28 एफ.एफ., 207 एफ.एच., 407 एफ.एच., 408 एफ.एच., 409 एफ.एच. और 410 एफ.एच., इंदौर विकास प्राधिकरण योजना क्रमांक 54, इंदौर, मध्य प्रदेश-452010, तथा इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं- पूर्व- फ्लैट क्रमांक 202 के बाद खुला डक्ट, पश्चिम- फ्लैट क्रमांक 204, उत्तर- इमारत का सामान्य मार्ग, दक्षिण- सड़क के साथ सभी इमारतें और संरचनाएं और जमीन से जुड़े सभी संयंत्र और मशीनरी या जमीन से जुड़ी किसी भी चीज से स्थायी रूप से जुड़ी हुई.

आइटम क्रमांक 2- फ्लैट नंबर बी-106 का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, जिसका माप 900 वर्ग फीट यानी 83.64 वर्ग मीटर (निर्मित क्षेत्र) है, 'बीसीएम हाइट्स' के नाम से जानी जाने वाली बहुमंजिला इमारत की पहली मंजिल पर, इंदौर विकास प्राधिकरण स्कीम नंबर 54, पीयू-4 कमर्शियल, इंदौर, मध्य प्रदेश-452010 के प्लॉट नंबर ए-5 पर निर्मित है, और इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं- पूर्व- खुला रास्ता, पश्चिम- रास्ता, उत्तर- फ्लैट नंबर बी-101, दक्षिण- फ्लैट नंबर बी-105, उस पर बनी सभी बिल्डिंग और स्ट्रक्चर और ज़मीन से जुड़ी या ज़मीन से जुड़ी किसी भी चीज़ से हमेशा के लिए जुड़ी हुई सभी प्लांट और मशीनरी के साथ.

आइटम क्रमांक 3- दुकान नंबर 49 का वह सारा सामान और पार्सल, 440.00 वर्गफीट यानी 40.89 वर्गमीटर (निर्मित क्षेत्र), उज्जैन नगर निगम की सीमा में, नानाखेड़ा इंदौर रोड पर स्टेडियम स्कीम में, मित्रा नगर के पास, उज्जैन, मध्य प्रदेश-456010, और इस प्रकार घिरा हुआ- पूर्व- गलियारा, पश्चिम- एमओएस, उत्तर- शौचालय और दुकान, दक्षिण- लिफ्ट और सीढ़ियाँ साथ में सभी इमारतें और संरचनाएं और सभी संयंत्र और मशीनरी जो धरती से जुड़ी हैं या स्थायी रूप से धरती से जुड़ी किसी भी चीज से जुड़ी हैं.

आइटम क्रमांक 4- प्लॉट क्रमांक 221 का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, आकार 24.40 × 40 फीट = कुल 976 वर्ग फीट क्षेत्रफल, एएमएम ग्रीन्स कॉलोनी का, जो गाँव बड़ा बंगारदा, तहसील हातोद, जिला इंदौर, मध्य प्रदेश-452005 में स्थित है, और इस प्रकार घिरा है- पूर्व- प्लॉट क्रमांक 200, पश्चिम- सड़क, उत्तर- प्लॉट क्रमांक 220, दक्षिण- सड़क साथ में सभी इमारतें और संरचनाएं और धरती से जुड़ी सभी संयंत्र और मशीनरी या धरती से जुड़ी किसी भी चीज से स्थायी रूप से जकड़ी हुई.

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है). इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

एसडी/-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

दिनांक : 21.2.2026
स्थान : मध्यप्रदेश

एक नजर में

राज्य स्तरीय वेट लिफ्टिंग, पॉवर लिफ्टिंग और बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा

इंदौर संभाग को सभी वर्गों में टीम चैम्पियनशिप का खिताब

इंदौर. महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल साइंसेस के तत्वावधान में श्रीराम जिम पर संपन्न हुई. मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल की राज्य स्तरीय वेट लिफ्टिंग, पॉवर लिफ्टिंग (पुरुष/महिला) एवं बॉडी बिल्डिंग (पुरुष) प्रतियोगिता में इंदौर संभाग के खिलाड़ियों ने सभी वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करके टीम चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया.

प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि महाराजा यशवंतराव तृतीय (श्री रीचर्ड), ऋषि पागनीस, इंदौर संभाग के अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. आर.सी.दीक्षित, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के क्रीड़ा समिति के अध्यक्ष, प्रो.अजय कुमार साहनी, महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. आनंद निघोजकर, एमबीए डायरेक्टर, डॉ. इरा बापना, राष्ट्रीय निर्णायक एवं विक्रम अवॉर्डी विमल प्रजापत, श्री दरविंदर सिंह खनूजा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ. सभी अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. निलेश मंडलोई, क्रीड़ा समन्वयक डॉ. मितेश चौधरी, प्रो. प्रवीण शर्मा, डॉ. मनोज जोशी, डॉ. प्रदीप पूरे, डॉ. शिफा गोयल, डॉ. दीप्ति बड़जात्या के द्वारा किया गया. पुरस्कार स्वरूप सभी वर्गों में विजेता खिलाड़ियों को शासन से प्राप्त प्रमाण पत्र के साथ महाविद्यालय की और से स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक देकर सम्मानित किया. टीम चैंपियनशिप के रूप में सभी वर्गों में भी महाविद्यालय की और से चमचमाती ट्रॉफी प्रदान की. व्यक्तिगत पुरस्कार वेट लिफ्टिंग में बेस्ट लिफ्टर पुरुष वर्ग में महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज के छात्र विशाल पाल और महिला वर्ग में आयुषी वर्मा को बेस्ट वेट लिफ्टर का पुरस्कार दिया गया. बॉडी बिल्डिंग में रीवा संभाग के बॉडी बिल्डर मास्टर अनुज मिश्रा ने चैम्पियन ऑफ चैम्पियन कापुरस्कार अपने नाम किया. पॉवर लिफ्टिंग में सर्वश्रेष्ठ लिफ्टर का खिताब इंदौर संभाग के अंशु कुमार, और महिला वर्ग में जबलपुर संभाग की छात्रा ने अपने नाम किया.

110 खिलाड़ियों ने लिया भाग

स्पर्धा के अपर संगठन सचिव एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. निलेश मण्डलोई द्वार स्पर्धा का प्रतिवेदन में बताया कि इस स्पर्धा में मध्य प्रदेश के 9 परंपरागत विश्वविद्यालयों के कुल 110 महिला पुरुष खिलाडियों ने भाग लिया. इस अवसर पर महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज के मैनेजिंग ट्रस्टी और सीईओ सतविंदर सिंह की ओर से श्रीराम जिम के संस्थापक दिनेश पालीवाल का विशेष रूप से सम्मान करके उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया. इस अवसर पर इंदौर के सबसे वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी सीबी. होलकर, सुमित बांकडे, डॉ. बबीता अग्रवाल, महेन्द्र कुमार मिश्रा, मनीष लश्करी, जितेंद्र स्वामी, आदित्य जोशी, संजीव राजदान मौजूद रहे. संचालन महाविद्यालय के डॉ. पुष्पेन्द्र दुबे ने किया. आभार क्रीड़ा अधिकारी डॉ. निलेश मण्डलोई ने माना.